वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :5 अंक : 147 शुक्रवार 19 सितम्बर 2025 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में बन रहा अग्रणी: भजनलाल शर्मा

## प्रधानमंत्री मोदी 25 सितंबर को माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयत्र का करेंगे शिलान्यास

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित बांसवाड़ा यात्रा की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री ने ली उच्चस्तरीय बैठक

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 सितम्बर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर केन्द्र व राज्य सरकार की लगभग 1 लाख 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं की बांसवाड़ा से सौगात देने जा रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयत्र का शिलान्यास करेंगे, जो प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में ऐतिहासिक कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में मोदी राजस्थान सहित कई राज्यों की स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाएं भी देशवासियों को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित बांसवाड़ा दौरे (25 सितंबर) की तैयारियों को लेकर शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को पूर्ण समन्वय स्थापित करते हुए संबंधित सभी आवश्यक



व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग अपनी तय जिम्मेदारियों के अनुसार काम कर कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मुख्य कार्यक्रम के लाइव प्रसारण से सभी जिला मुख्यालयों, नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों को जोड़ा जाए। उन्होंने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, पर्यटन, सार्वजनिक निर्माण , सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार व सूचना एवं जनसम्पर्क विभागों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे तथा संभागीय आयुक्त उदयपुर एवं जिला कलक्टर बांसवाड़ा वी.सी. के माध्यम से जुड़े।

### प्रधानमंत्री का पीएम कुसुम योजना के लाभार्थियों से होगा संवाद

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी बीकानेर-दिल्ली कैन्ट वन्दे भारत एक्सप्रेस, जोधपुर-दिल्ली कैन्ट वन्दे भारत एक्सप्रेस एवं उदयपुर सिटी-चण्डीगढ़ एक्सप्रेस का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ करेंगे। इस कड़ी में बीकानेर, जोधपुर एवं उदयपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रमों की तैयारियां पूर्ण की जाए। उन्होंने पीएम कुसुम योजना के लाभार्थियों एवं प्रधानमंत्री के मध्य संवाद कार्यक्रम के लिए भी ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। शर्मा ने कहा कि आयोजन स्थल पर आमजन के लिए बैठक, पेयजल, आवागमन सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, जिससे किसी भी तरह की असुविधा न हो।

# कर्नल राठौड़ ने दिया सेवा और समर्पण का संदेश

**जयपुर. कासं।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत कैबिनेट मंत्री एवं झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, माचवा में बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान सभी ने बच्चों संग भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए और एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ बहुत मनमोहक रंगोली बनाई। जिसे देखकर कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ को अत्यंत प्रसन्नता हुई। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ को सभी वरिष्ठजनों ने ऐसे ही निरंतर राष्ट्र निर्माण और जनसेवा के पथ पर अग्रसर होने का आशीर्वाद दिया। इस विशेष कार्यक्रम में कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने सभी के साथ सेवा, समर्पण, राष्ट्रनिर्माण और विकसित भारत के महत्व पर प्रेरक विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा समाज और राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी और योगदान की भावना को मजबूत करने का अभियान है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने विद्यार्थियों को शिक्षा, खेल, अनुशासन और समाजसेवा को जीवन का आधार बनाने का संदेश देते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े बदलाव की नींव रखते हैं। उन्होंने सभी को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और जरूरतमंदों की मदद जैसे सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

## सेवा पखवाड़ा के तहत जंतर-मंतर पर सफाई अभियान शुरू


# हमें स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए: दीया

### उपमुख्यमंत्री ने सुनीं सफाईकर्मियों की समस्याएं, किया सम्मानित

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने गुरुवार सुबह सेवा पखवाड़ा के तहत जयपुर के जंतर-मंतर पर सफाई अभियान चलाया। स्वदेशी अभियान को लेकर उन्होंने कहा कि बाहर की चीज हमें बिल्कुल उपयोग में नहीं लेनी चाहिए। सफाई अभियान के दौरान उन्होंने सफाईकर्मियों का सम्मान किया और उनसे बात कर उनकी समस्याएं सुनीं। दीया कुमारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमें स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। हमें सफाईकर्मियों का सम्मान करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें जो संदेश दिया, उसकी पालना एक अच्छे नागरिक के तहत हमें करनी चाहिए। दौरान उन्होंने तंज कसा कि राहुल गांधी और कांग्रेस के पास कोई काम बचा नहीं है। उन्होंने कहा कि एक बेहतर राष्ट्र के लिए हमारा जो सहयोग है, वह सहयोग इस भारत को और बड़ा बनाता है। प्रधानमंत्री ने इस राष्ट्र के लिए जो मैसेज कर दिया, वह भी हमारे लिए बहुत ज्यादा जरूरी है।




मंगल आमंत्रण
पण्डित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट द्वारा आयोजित
28वाँ आध्यात्मिक शिक्षण शिविर
रविवार, दिनांक : 28 सितम्बर, 2025 से रविवार, 05 अक्टूबर, 2025 तक
इस मंगलमय आयोजन में अध्यात्म के अनेक विषयों का लाभ लेने के लिए आप सभी सादर आमंत्रित है।
निवेदक
सुशीलकुमार गोदिका
अध्यक्ष
परमात्मप्रकाश भारिल्ल
महामंत्री
एवं समस्त ट्रस्टीगण पण्डित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट, जयपुर
सीमित आवास उपलब्ध है। अतः शीघ्रता करें।
आवास के लिए सम्पर्क करें – 8949033694
स्थान – ज्ञानतीर्थ श्री टोडरमल स्मारक भवन, जयपुर
PTST_JAIPUR
+91 8949033694
www.ptst.in
PTST.LIVE

# दिगम्बर जैन समाज,सामाजिक संसद ने धूप दशमी-2025 पर आयोजित झांकी एवं मंडल जी प्रतियोगिता के पाई घोषित किये



गोयल नगर मंडल जी




वैभव नगर झांकी

**इंदौर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन समाज, सामाजिक संसद दस लक्षण पर्व के पावन अवसर पर धूप - दशमी के दिन शहर के विभिन्न मंदिरों में निर्मित झांकी व मंडल जी प्रतियोगिता आयोजित करता है।दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष श्री राजकुमार पाटोदी एवं प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि इस वर्ष भी 29 जिनालयों ने उक्त प्रतियोगिता में भाग लिया।टी सामाजिक संसद द्वारा गठित टीम के संयोजक थे, श्री सुभाष सेठिया एवं निर्णायक टीम के सदस्य थे, कुशलराज जैन 'पम पम' , प.भरत शास्त्री, श्रीमती अंकिता जैन, संजय जैन मैग्नस। इन्होंने सभी जिनालयों में जाकर बहुत ही बारीकी से झांकियों और मंडल जी को देखा और संयुक्त रूप से जो निर्णय दिया वो इस प्रकार है-

झांकी- प्रतियोगिता

1. श्री 1008 पद्म प्रभु दि जैन मंदिर वैभव नगर प्रथम
2. दि जैन पंचायती मंदिर छावनी.........द्वितीय
3. पंच बालयती मंदिर विजय नगर ....... तृतीय

मंडल जी प्रतियोगिता

1. श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर गोयल नगर...... *प्रथम*सी2. परदेशीपुरा जैन समाज उपसर्ग विजेता सोशल ग्रुप.. .....
.....एवं....
श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर गोकुल नगर .. द्वितीय
3.दिगंबर जैन लश्करी मंदिर
एवं
नेमिनगर जैन कॉलोनी तृतीय

समाज के महामंत्री श्री सुशील पांड्या ने बताया कि शीघ्र ही उचित समय पर इन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। समाज श्रेष्ठी श्रीमती पुष्पा कासलीवाल, एम के जैन, मनोहर झांझरी, प्रिंस पाल टोंग्या,राजेंद्र सोनी, राकेश विनायका, प्रदीप चौधरी, संजय पापड़ीवाल, रितेश पाटनी ने सभी विजेताओं को बधाई प्रेषित की।

**सतीश जैन (इला बैंक)**
**प्रचार प्रमुखः दिगंबर जैन समाज ,सामाजिक संसद, इंदौर डीसी**

# महावीर इंटरनेशनल नौगामा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जोलाना में बांटे जीवन रक्षक किट





**सुरेश चंद्र गांधी. शाबाश इंडिया**

नोगामा जिला बांसवाड़ा।सब की सेवा सबको प्यार, महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा द्वारा आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जोलाना में विद्यालय उप प्रधानाचार्य प्रवीण पाटीदार,महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा के अध्यक्ष सुरेश चंद्र गांधी डॉक्टर सर्वेश जैन, कमल सिंह सोलंकी ,शाखा की वीर सदस्य नरेश जैन, जगजी कटारा , कमल पंचोली के सानिध्य में जीवन रक्षक किट बांटे गए ।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना भावना दिन रात मेरी सब सुखी संसार में के साथ शुभारंभ किया गया उपस्थित अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा तिलक लगाकर दुपट्टा उड़कर सम्मान किया गया एवं महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा की ओर से विद्यालय की उपप्रधानाचार्य दुपट्टा उड़ाकर सम्मान किया इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल शाखा अध्यक्ष सुरेश चंद्र गांधी ने बताया कि बालक से लगाकर बुजुर्ग तक हर किसी को अटैक आ रहा है एवं तुरंत उपचार नहीं मिलने पर उसकी मृत्यु हो जाती है इस हेतु महावीर इंटरनेशनल की ओर से संपूर्ण भारतवर्ष में जीवन रक्षक किट वितरण किया जा रहे हैं जब व्यक्ति को पसीना पसीना आ रहा है चक्कर आ रहे हैं घबराहट हो रही है इन परिस्थितियों में यह हार्ट अटैक के लक्षण है उन परिस्थितियों में इस जीवन रक्षक किट की तीनों गोलियां अगर व्यक्ति को दी जाए तो प्राथमिक स्तर पर बच्चा होकर अस्पताल तक पहुंच जाएगा इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि महावीर इंटरनेशनल द्वारा इस प्रकार का पुण्य कार्य किया जा रहा है बहुत ही सराहनीय कार्य है हम उनके सेवा कार्यों की अनुमोदना करते हैं इस डॉक्टर सर्वेश जीवन रक्षक किट के बारे में पूर्ण जानकारी प्रदान की इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल अपेक्स से प्राप्त गोल्डन जुबली का अंक महावीर प्रवाह सभी स्टाफ साथियों को प्रदान की गई कार्यक्रम में हरीश सुथार ,सैयद ,प्रभु लाल खराड़ी ,कन्हैया, विपिन, रोशनी पाटीदार मंजुला पाटीदार प्रमिला पाटीदार जैनेंद्र बाला, मोहनलाल निखिल, राजेश पाटीदार ,आयुष पंचोरी, हिमांशु आचार्य ,गणेश पाटीदार, दिनेश कटारा ने अपना सहयोग प्रदान किया।कार्यक्रम का संचालन कमल सिंह सोलंकी द्वारा किया गया कार्यक्रम का आभार जगजीत कटारा ने किया ।

# वेद ज्ञान

## ईर्ष्या का शमन

ईर्ष्या मनुष्य के चरित्र के पराभव का छठा द्वार है। यह ऐसा मनोविकार है जिससे मनुष्य का मौलिक व्यक्तित्व बुरी तरह आहत हो जाता है। ईर्ष्या एक भयानक मनोरोग है, जो अकारण मनुष्य को दंडित करती रहती है। इसके कारण मनुष्य का सारा व्यक्तित्व विकृत हो जाता है, उसकी अपनी क्रियात्मक शक्ति नष्ट हो जाती है, जिससे उसके अपने व्यक्तित्व को कुछ लेना-देना नहीं रहता है। ईर्ष्या हमेशा दूसरों के कारण होती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि कोई व्यक्ति खुद से ईर्ष्या नहीं करता, उसके लिए दूसरे का होना आवश्यक है। अकेला व्यक्ति कभी भी ईर्ष्या का शिकार नहीं बनता। उसके सामने जब दूसरा आ जाता है तब उसकी जलन बढ़ जाती है। समाज में, घर या मोहल्ले में जब आदमी रहता है तो उसके मन में न ईर्ष्या होती है और न कोई जलन होती है। आदमी अकेले वर्षों रह सकता है। कभी भी वह ईर्ष्या का पात्र नहीं बनता, लेकिन ज्यों ही दूसरा उसके बगल में बैठ जाता है तो ईर्ष्या शुरू हो जाती है। दरअसल कोई भी व्यक्ति दूसरे को सहन नहीं कर सकता। वह चाहे राजनीति का क्षेत्र हो, धर्म का क्षेत्र हो, समाज या परिवार का हो, कहीं भी हम दूसरे को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। सारी गड़बड़ तब शुरू होती है, जब कोई दूसरा बगल में खड़ा हो जाता है। केवल दूसरे के होने से हम ईर्ष्या के दंश को झेलने लगते हैं। साधक कभी ईर्ष्या नहीं करता, क्योंकि वह साधना के क्षेत्र में अकेला होता है। झगड़ा तो तब बढ़ता है, जब एक ही काम दो व्यक्ति करना चाहते हैं। दुनिया के जितने भी काम हैं, वे सारे एक-दूसरे के लिए किए जाते हैं। कोई धन के लिए, कोई पद के लिए, कोई अपने अस्तित्व के लिए दिन-रात प्रयास कर रहा है, लेकिन जब कभी वह देखता है कि इस काम में कोई दूसरा आकर अर्थ या पद का दावेदार बनना चाहता है तो उसके मन में ईर्ष्या होने लगती है। ईर्ष्या का न कोई ठोस कारण होता है और न कोई औचित्य होता है। यह तो अकारण किया हुआ प्रयास है। कभी-कभी तो हम ऐसे लोगों से ईर्ष्या करने लगते हैं, जिन्हें हम पहचानते तक नहीं हैं। ईर्ष्या करने वाला व्यक्ति अध्यवसायी नहीं होता, परिश्रम नहीं करता, हमेशा आग में जलता रहता है। दूसरे की उन्नति और प्रगति देखकर जलने वाला कभी जीवन में यशस्वी नहीं हो सकता। ईर्ष्यालु व्यक्ति परिश्रम के बगैर फल खाना चाहता है और उसी लालसा में उसका जीवन नष्ट हो जाता है।

# संपादकीय

## भारत-अमेरीका संबंधों में नई शुरूआत

अमेरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के झूठ का पर्दाफाश तब हुआ जब पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने ही यह खुलासा किया कि भारत ने कभी भी युद्धविराम के लिए किसी तीसरे देश की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। भारत हमेशा से इस मुद्दे को एक द्विपक्षीय मामला मानता रहा है। 'अल जजीरा' के साथ एक साक्षात्कार में, पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मुहम्मद इशाक डार ने बताया कि अमेरीकी विदेश मंत्री रूबियो के माध्यम से 10 मई को युद्धविराम का प्रस्ताव आया था, लेकिन 25 जुलाई को वॉशिंगटन में रूबियो ने स्पष्ट किया कि भारत इसे द्विपक्षीय मुद्दा मानता है। यह साक्षात्कार साबित करता है कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम में राष्ट्रपति ट्रंप की कोई भूमिका नहीं थी। ट्रंप ने लगातार यह दावा किया कि उनके प्रयासों से दोनों देशों के बीच युद्ध टला और 'न्यूक्लियर वॉर' को रोका गया। भारत ने संसद के भीतर भी इस तरह के बड़बोलेपन का लगातार खंडन किया। यही वजह हो सकती है कि ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच 90 दिनों तक कोई संवाद नहीं हुआ। 17 जून के बाद यह खामोशी तब टूटी जब ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन पर जन्मदिन की बधाई दी और उनके काम की सराहना की। इसके जवाब में मोदी ने ट्रंप का धन्यवाद किया और दोनों देशों की साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की अपनी प्रतिबद्धता



दोहराई। झूठ का पर्दाफाश होने के बाद भी, दोनों विश्व नेताओं के बीच हुई बातचीत ने संबंधों को फिर से पटरी पर लाने का रास्ता साफ कर दिया। भारत पर अमेरीका द्वारा 50% टैरिफ लगाने के बाद रुकी हुई 'व्यापार समझौते' की बातचीत 16 सितंबर को फिर से शुरू हुई। अमेरीका के व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच ने नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के विशेष प्रतिनिधि राजेश अग्रवाल के साथ लगभग 7 घंटे तक सकारात्मक बातचीत की। इससे यह तय हो गया है कि व्यापार समझौते पर फिर से संवाद शुरू हो गया है, भले ही इसे आधिकारिक तौर पर छठा चरण घोषित न किया गया हो। यह मुलाकात अमेरीका के नरम रुख और सकारात्मक साझेदारी की शुरूआत का संकेत देती है। अमेरीका अभी भी भारत के कृषि क्षेत्र में व्यापार की अनुमति चाहता है, जिसे भारत अपने किसानों और डेयरी उद्योग की चिंता के कारण लगातार अस्वीकार कर रहा है। इसके बावजूद, टैरिफ के बावजूद भारत का निर्यात 7% बढ़ा है और आयात 10% कम हुआ है। हालांकि, टैरिफ का असर आंध्र प्रदेश के झींगा मछली कारोबारियों पर हुआ है, जिन्हें 25,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है क्योंकि उनके 50% ऑर्डर रद्द हो गए हैं। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर मदद मांगी है। कुल मिलाकर, भारत-अमेरीका संबंधों में जो नई खिड़की खुली है, उम्मीद है कि यह सकारात्मकता लाएगी और अनावश्यक दावों से अंतरराष्ट्रीय संबंध प्रभावित नहीं होंगे।

**-राकेश जैन गोदिका**

# परिदृश्य

## महंगाई की मार और आम आदमी की चुनौतियां

**संजय गोस्वामी**

आज के दौर में महंगाई ने मध्यम वर्ग का जीना मुश्किल कर दिया है। भले ही सैलरी में कुछ बढ़ोतरी हुई हो, लेकिन उससे कहीं ज्यादा तेजी से खर्च बढ़ रहे हैं। 100 रुपए की कीमत आज क्या रह गई है, यह सब्जियों और फलों के बढ़ते दामों से साफ पता चलता है। वह जमाना चला गया जब लोग घर पर सब्जियां उगाकर गुजारा करते थे और पढ़ाई भी सस्ती थी।

### ऑनलाइन खरीदारी की निराशा

आजकल लोग बिगबास्केट, जेप्टो, ग्रोफर जैसी ऑनलाइन ग्रॉसरी सेवाओं पर निर्भर हो गए हैं, लेकिन ये सेवाएं अक्सर ताजा सामान नहीं देतीं। कई बार ग्राहकों को फंगस लगा हुआ या खराब सामान मिलता है। जब ग्राहक ऐसे सामान को वापस करना चाहते हैं, तो उन्हें तमाम तरह की फोटो और रिटर्न पॉलिसी की शर्तों का सामना करना पड़ता है। इससे ग्राहक ठगा हुआ महसूस करते हैं। एक व्यक्तिगत अनुभव के अनुसार, बिगबास्केट से कई बार खराब सामान मिला है, और बार-बार शिकायत करने पर तो अकाउंट ही लॉक कर दिया गया।

महंगाई और जीएसटी का प्रभाव: लेखक के अनुसार, जीएसटी कम करने से आम आदमी को बहुत ज्यादा फायदा नहीं होगा। महंगाई, जिसे मुद्रास्फीति भी कहते हैं, का मतलब है वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में सामान्य वृद्धि। भले ही जीएसटी 5-6% कम हो जाए, लेकिन इससे महंगाई पर खास असर नहीं पड़ेगा। लेखक का मानना है कि असली जरूरत थोक मूल्य सूचकांक को कम करने की है, तभी लोगों को महंगाई से राहत मिलेगी। लेखक समाज की

### ऑनलाइन बनाम पारंपरिक बाजार

लेखक का सुझाव है कि लोग ऑनलाइन खरीदारी से बचें और पारंपरिक बाजार जाकर सामान खरीदें। ऐसा करने से दो फायदे होंगेः एक तो आप घूम-फिरकर ताजा और अच्छी गुणवत्ता वाली सब्जियां और फल खुद चुनकर ले पाएंगे, और दूसरा, यह ऑनलाइन से सस्ता भी पड़ सकता है। पारंपरिक दुकानों में दुकानदार खराब सामान फेंक देते हैं, जबकि ऑनलाइन कंपनियां अक्सर एक्सपायरी डेट के करीब का सामान भेजती हैं, जिसकी गुणवत्ता अच्छी नहीं होती। मुंबई के दादर भाजी मार्केट का उदाहरण दिया गया है, जहाँ सुबह के समय ताजी सब्जियाँ मिलती हैं, जिन्हें जोमैटो और अन्य ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनियाँ व होटल खरीदते हैं। लेकिन शाम तक जो बच जाता है, वह सड़क पर पड़ा रहता है। यह एक कड़वी सच्चाई है कि ऑनलाइन फूड अक्सर ताजा नहीं होता, और ग्राहकों को बाहर का खाना खरीदते समय सावधान रहना चाहिए।

असमानता पर भी दुख व्यक्त करते हैं, जहाँ अमीर और अमीर हो रहे हैं, जबकि मध्यम वर्ग पिस रहा है। सड़क की खराब हालत, गड्ढे और ट्रैफिक चालान की मनमानी पर भी चिंता जताई गई है, जहाँ आम आदमी को हर तरफ से मारा जा रहा है, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की कोई जिम्मेदारी नहीं लेता। यह लेख आम आदमी की रोजमर्रा की समस्याओं को दर्शाता है, जिसमें महंगाई, ऑनलाइन खरीदारी की गुणवत्ता, और सरकारी नीतियों की खामियां शामिल हैं। यह एक गहरी निराशा को व्यक्त करता है, जहाँ आजादी के बाद भी आम आदमी खुद को गुलामी जैसा महसूस करता है।




# जैन सोशल ग्रुप इंट.फेडरेशन नॉर्दर्न रीजन क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप इंट.फेडरेशन नॉर्दर्न रीजन के तत्वावधान में रविवार, दिनांक 14 सितंबर 2025 से भव्य उद्घाटन समारोह के साथ आरम्भ हुए केजीके जेएसजी क्रिकेट प्रीमियर लीग 2025 में चौथे दिन बुधवार दिनांक 17 सितम्बर 2025 को क्रिकेट प्रेमियों ने अति उत्साह और रोमांच से भरपूर प्रदर्शन कर इस टूर्नामेंट को अत्यंत मनोरंजक बना दिया, टूर्नामेंट में क्रिकेट के साथ-साथ हाउजी, लकी ड्रा, अन्य मनोरंजक गेम्स के द्वारा पुरस्कार जीतने का अवसर एवं स्वादिष्ट एवं लजीज स्टॉल्स की व्यवस्था आयोजको द्वारा की गई हैं। रीजन वाईस चेयरमैन डॉ. राजीव जैन, एवं सुधीर गंगवाल ने बताया की इस टूर्नामेन्ट के मुख्य प्रायोजक केजीके रियल्टी, प्रायोजक प्नमन वस्तु एवं डिजाइंस एवं सह प्रायोजक वर्षा जैन है। टूर्नामेंट के चीफ कन्वेंनर महेन्द्र गिरधरवाल एवं संजय जैन ने बताया कि टूर्नामेंट के दौरान अतिथि के रूप में फेडरेशन से श्री कुमार वोरा जी एवं महावीर शिक्षा परिषद के कोषाध्यक्ष एवं वीर सेवक मंडल के अध्यक्ष आदरणीय महेश काला ने उपस्थित होकर एवं टॉस करवाकर एवं विजेता टीम को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं टूर्नामेंट की शोभा बढ़ाई। चेयरमैन इलेक्ट्र सुभाष बज ने बताया कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए नमन वास्तु एवं डिजाइंस की ओर से खिलाड़ियों के लिए विशेष आकर्षण के रूप में विभिन्न टारगेट्स पर चांदी के सिक्के पुरस्कार स्वरूप प्रधान किए जा रहे हैं। कोषाध्यक्ष तरुण जैन ने बताया कि इस टूर्नामेंट में आयोजकों के रूप में फेडरेशन एवं रीजन पदाधिकारी के चीफ कन्वेंनर, चीफ कोऑर्डिनेटर, कन्वीनर्स और कोऑर्डिनेटर की विशाल टीम की देखरेख में इस कार्यक्रम का शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजन किया जा रहा है। सह सचिव मनीष सोनी ने बताया कि कार्यक्रम का विशेष आकर्षण ग्रुप के सदस्यों का अपनी टीम को प्रोत्साहित करने के लिए उपस्थित होना हैं। पीआरओ प्रेम सिंघवी, वीरेंद्र गदिया एवं सुनील पहाडिया ने बताया कि कल जो मैच हुए उनमें बिलाला अरेना में सेंट्रल संस्थान, प्लैटिनम, वीनस, एवं स्पार्कल की टीम विजयी हुई, दूसरी और छाबड़ा एंड संस अरेना में प्लैटिनम, कीर्ति, रॉयल, एमराल्ड, और महानगर की टीम विजय रही। सभी माचो में खिलाड़ियों की प्रतिबंध से प्रेम एवं आपसी सौहार्द का वातावरण बना रहा।

# श्री महावीर कॉलेज जयपुर में एनएसएस इकाई के दो सफल आयोजन








**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री महावीर कॉलेज जयपुर की एनएसएस इकाई ने ''रक्त दान अमृत महोत्सव 2.0'' नामक रक्तदान शिविर और नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव पर कार्यशाला का आयोजन किया। इस शिविर में कुल 100 छात्रों ने पंजीकरण करवाया और 60 छात्रों ने रक्तदान किया। इस कार्यक्रम का समन्वय डॉ. जितेंद्र सिंह बिदावत, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने किया। कॉलेज प्रशासन और एनएसएस इकाई ने सभी प्रतिभागियों, रक्तदाताओं और आयोजकों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाया। कार्यशाला में डॉ. रचित ने छात्रों को नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। दोनों आयोजनों में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और एनएसएस इकाई के प्रयासों की सराहना की गई। श्री महावीर दिगंबर जैन शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमरावमल संघी, मानद मंत्री सुनील बख़्शी, कोषाध्यक्ष महेश काला एवं डॉ. आशीष गुप्ता, प्राचार्य ने छात्रों की इस पहल की सराहना की। **डॉ आशीष गुप्ता-प्राचार्य**

# योग जीवन जीने की श्रेष्ठ कला



योग केवल आसनों या व्यायाम का नाम नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक सम्पूर्ण पद्धति है। ''योग'' शब्द संस्कृत धातु युज् से बना है जिसका अर्थ है जोड़ना। अर्थात आत्मा और परमात्मा का मिलन, शरीर और मन का संतुलन तथा जीवन को एकात्मता की ओर ले जाना। योग का महत्व शारीरिक स्वास्थ्य नियमित योगाभ्यास से शरीर लचीला, शक्तिशाली और रोगों से मुक्त रहता है। यह पाचन, श्वसन और रक्तसंचार को सुदृढ़ करता है। मानसिक शांति योग के आसन, प्राणायाम और ध्यान तनाव, चिंता और अवसाद को कम कर मन में शांति और सकारात्मक ऊर्जा लाते हैं। आध्यात्मिक उन्नतिः योग साधना से आत्म-जागरूकता बढ़ती है, व्यक्ति स्वयं के भीतर ईश्वर का अनुभव करने लगता है।

**सामाजिक समरसताः** योग केवल व्यक्तिगत साधना ही नहीं, यह एक वैश्विक संदेश है कि सबको प्रेम, करुणा और एकता से जोड़ना ही सच्चा जीवन है।

**योग के प्रमुख अंगः** पतंजलि योगसूत्र में योग को आठ अंगों में बताया गया है झ यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। यह क्रम मनुष्य को बाहरी जीवन से आंतरिक आत्मिक शांति की ओर ले जाता है।

**आधुनिक जीवन में योग की आवश्यकताः** आज की भागदौड़, तनाव और अस्वस्थ जीवनशैली ने मनुष्य को रोगी और चिंतित बना दिया है। ऐसे समय में योग एक वरदान है। केवल 20-30 मिनट का नियमित अभ्यास भी जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।

**निष्कर्षः** योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो हमें स्वस्थ शरीर, शांत मन और उच्च आत्मिक अनुभव प्रदान करती है। इसे अपनाकर हम न केवल स्वयं को बेहतर बना सकते हैं, बल्कि समाज और विश्व में भी शांति और सद्भावना का संदेश फैला सकते हैं।

**अनिल माथुर जोधपुर (राजस्थान)**

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर समाजसेवी नवीन कुमार भंडारी ने किया रक्तदान




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर समाजसेवी, गौ-भक्त और अनेक प्रतिभाओं के धनी नवीन कुमार भंडारी ने स्वयं रक्तदान कर उन्हें अपनी ओर से अनोखा उपहार दिया। यह उपहार केवल प्रधानमंत्री जी के प्रति सम्मान का प्रतीक नहीं है, बल्कि राष्ट्र में एकता और अखंडता को सशक्त करने वाला प्रेरणादायक कदम भी है। भंडारी का जीवन सदैव समाज और राष्ट्रहित को समर्पित रहा है। गौ माता को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से किए गए उनके प्रयास देशभर में सराहे जा रहे हैं। जयपुर नगर निगम ग्रेटर के साथ 11 मोक्षधामों को गोद लेना, गौ-सेवा को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नवाचार करना, कोविड काल में 278 से अधिक कैंप लगाकर लाखों लोगों का टीकाकरण कराना, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सतत योगदान देना यह सब उनके उल्लेखनीय सेवा कार्यों की मिसाल हैं।

# दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल एवं महिलांचल राजस्थान द्वारा पूजन विधान का भव्य आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल एवं महिलांचल राजस्थान द्वारा दिगम्बर जैन मंदिर दीवान भदीचन्द जी, दूसरा चौराहा, घी वालों का रास्ता, जोहरी बाजार, जयपुर में भव्य अभिषेक पूजन विधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातः 9 बजे आरंभ हुए इस पावन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विधान पश्चात वात्सल्य सहभोज की सुंदर व्यवस्था की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री सुरेन्द्र पांड्या का मार्गदर्शन, मुख्य समन्वयक राजेश बड़जात्या (अंचल कार्याध्यक्ष) कार्यक्रम संयोजक निर्मल संघी (संभागीय अध्यक्ष पश्चिम संभाग) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम श्रीमती शकुन्तला बिंदायका (महिलांचल अध्यक्षा), श्रीमती सुनीता जैन (महिलांचल मंत्री), श्रीमती उर्मिला जैन (महिलांचल कोषाध्यक्ष) के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अनिल जैन, आईपीएस (अंचल अध्यक्ष), महावीर बाकलीवाल (अंचल महामंत्री), मनीष वैद (अंचल उपाध्यक्ष), महावीर चांदवाड़ (अंचल मंत्री), शांति कुमार काला (अंचल मंत्री), पदमचंद जैन बिलाला (अध्यक्ष, राजस्थान जैन साहित्य परिषद), निर्मल संघी (राष्ट्रीय मेडिकल प्रभारी), जे के जैन साहब, मुकेश जैन, श्रीमती कल्पना जैन दिगंबर जैन महा समिति महिला के कार्यकारिणी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर योगदान दिया। श्रीमती रचना वैद, श्रीमती अनीता जैन, श्रीमती अर्चना जैन, श्रीमती शीला जैन, श्रीमती मधु पांड्या, श्रीमती अंजना शाह, श्रीमती सुलोचना जैन, श्रीमती पूनम जैन, श्रीमती बीना शाह, श्रीमती स्नेहलता जैन, श्रीमती मीना चांदवाड़, श्रीमती मनीषा झंवर सहित बड़ी संख्या में महिलाएँ उपस्थित रहीं। पूजन विधान का मुख्य कलश श्रीमती मीनाक्षी कासलीवाल स्थापित किया। चार अन्य कलश क्रमशः श्रीमती स्नेहलता जैन, श्रीमती किरण जैन, श्रीमती सीमा बड़जात्या, श्रीमती लाड देवी जैन द्वारा स्थापित किए गए।




विधानाचार्य शिखर चन्द जैन साहब एवं संगीतकार श्रीमती किरण जैन के निर्देशन में कार्यक्रम संगीतमय एवं भव्य रूप में सम्पन्न हुआ। प्रमोद जैन, रवि जैन के नेतृत्व में मंदिर में उत्तम व्यवस्था, स्वच्छता एवं अमूल्य ग्रंथों के संरक्षण ने सभी को अभिभूत कर दिया। श्रीमती डॉ. शीला जैन एवं श्रीमती पुष्पा सोगानी के नेतृत्व में भोजनशाला की सुस्वादु व्यवस्था ने सभी सदस्यों का मन मोह लिया। आयोजन में जोहरी बाजार महिला मंडल का विशेष योगदान रहा। श्रीमती ममता शाह जैन सहित मंडल की सभी महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही, महिला अंचल अध्यक्ष श्रीमती शकुन्तला बिंदायका ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## संसार में कोई कार्य असम्भव नहीं है, किसी के होने ना होने से कोई फर्क नहीं पड़ता

### कोई भी कार्य, कोई भी कर सकता है, और किया भी है लोगों ने : अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज



**तरुणसागरम तीर्थ, गाजियाबाद. शाबाश इंडिया।** अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज एवं उपाध्याय पियूष सागरजी महाराज ससंघ तरुणसागरम तीर्थ पर वषायोग हेतु विराजमान हैं उनके सानिध्य में वहां विभिन्न धार्मिक कार्योंकम संपन्न हो रहें हैं उसी श्रृंखला में उपस्थित गुरु भक्तों को संबोधित करते हुए आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज ने कहा कि संसार में कोई कार्य असम्भव नहीं है.. किसी के होने ना होने से कोई फर्क नहीं पड़ता। कोई भी कार्य, कोई भी कर सकता है, और किया भी है लोगों ने.. बस इसके बीच का सफर खूबसूरत, मनभावन, मीठी यादों से भरा और प्रेरणास्पद होना चाहिए..! ये सच है -सबको सब कुछ नहीं मिलता। और सभी के जीवन में कुछ अच्छा तो कुछ बुरा अनुभव जरूर जुड़ा होता है। एक बात का ध्यान रखना चाहिए कि सुख, आनंद, हँसी, खुशी को दुःख, परेशानी, अशान्ति और आंसुओं से ज्यादा रखने की कोशिश करते रहना चाहिए।कभी भी आंसुओं और दुःख को मन पर हावी नहीं होने देना चाहिए। ये भी सच है - आप सबको खुश नहीं कर सकते। पड़ौसी को खुश रखने से ज्यादा कठिन काम है अपनों को खुश रखना। आप और आपके कार्यों से दुनिया खुश हो सकती है लेकिन आपके अपने कभी खुश नहीं हो सकते। इसलिए निन्दा, आलोचना, अपनों की छोटी, ओछी बातों को, अपने अन्तःकरण और मन की भूमि पर ना जमने दें। आप अपने कार्य को अपनी मस्ती, आनंद, उत्साह और जुनून के साथ करें और करते रहें। गुस्सा, द्वेष, ईर्ष्या को मन के आंगन में प्रवेश ना होने दें।



# पद्मावती स्कूल मानसरोवर में वास्तु शास्त्री राजकुमार कोठ्यारी ने विद्या की देवी सरस्वती की प्रतिमा भेट की

## 29 सितंबर, सोमवार को होगी प्रतिष्ठा



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** तीर्थ क्षेत्र कमेटी राजस्थान अंचल के अध्यक्ष, शांति वीर दिगंबर जैन संस्थान श्री महावीर जी के मानद मंत्री, अतिशय क्षेत्र पदमपुरा के कोषाध्यक्ष, प्रसिद्ध समाज सेवी, वास्तु शास्त्री राज कुमार कोठ्यारी ने महावीर शिक्षा परिषद सी - स्कीम द्वारा संचालित पद्मावती पब्लिक स्कूल मानसरोवर में विद्या की देवी सरस्वती जी की प्रतिमा भेट की। शिक्षा परिषद के कोषाध्यक्ष महेश काला ने बताया कि राजकुमार कोठ्यारी द्वारा यह प्रतिमा स्वर्गीय श्रीमती उषा जी कोठ्यारी ( कार्यकारिणी सदस्य पद्मावती ) की आठवी पुण्य तिथि पर भेट की गई है। शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमराव मल संघी तथा मंत्री सुनील बख्शी ने बताया कि देवी सरस्वती की इस प्रतिमा की प्रतिष्ठा पद्मावती स्कूल परिसर में सोमवार, 29 सितंबर को राजकुमार कोठ्यारी परिवार के पुण्यार्जन से नव निर्मित वेदी में की जायेगी। पद्मावती स्कूल संयोजक मुकेश सोगानी ने राजकुमार कोठ्यारी, रचित- शीना, राध्या कोठ्यारी , महिमा - रजनीश सेठी, उपमा- राहुल गोधा, सुरभि - अनंत गोधा, अर्चना - नितेश जैन द्वारा किए गए इस कार्य की अनुमोदना की तथा आभार व्यक्त किया।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर **'शाबाश इंडिया'** आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com | weeklyshabaas@gmail.com

# 20 सितंबर को होगी विशाल जैन संगीतमय हाऊजी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सामूहिक जिनेंद्र आराधना संस्था और जैन सोशल ग्रुप जयपुर गोल्ड की ओर से राजस्थान की सबसे विशाल हाऊजी एवम्सम्मान समारोह का आयोजन आने वाले शनिवार 20 सितंबर 2025 को रात 7.15 बजे से भट्टारक जी की नसिया के छतरीवाला संभाग परिसर में किया जाएगा। सामूहिक जिनेन्द्र आराधना संस्था फेडरेशन जयपुर के अध्यक्ष राकेश गोधा और धीरज पाटनी एवं कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक संजय काला, संयोजक सुरेन्द्र पाटनी ने बताया कि इस आयोजन में फरमाइश की जैन संगीतमय हाऊजी पर हाऊजी प्रस्तुतकर्ता राकेश गोधा और उनकी टीम सरिता गोधा, नीलू गोधा, रिया जैन, प्राची जैन भक्ति नृत्य के सुरम्य वातावरण में हाऊजी को संचालित करेगी। पूर्व की भांति 200 से भी अधिक पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे। जैन सोशल ग्रुप जयपुर गोल्ड के अध्यक्ष राजकुमार बेद और सचिव मनीष चांदवाड़ ने बताया कि इस अवसर पर हर वर्ष की भांति हजारो की संख्या में उपस्थित बंधुओ के समक्ष इस हाऊजी में मोबाइल हैंडसेट, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, साड़िया, बैंगल्स सेट और 3 साल से 10 साल तक के सभी बच्चों के लिए उपहार दिए जाएंगे। कार्यक्रम में जैन समाज के गणमान्य नागरिक तथा राजनैतिक हस्तियां, जैन सोशल ग्रुप्स के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। **-प्रेषक राजकुमार बेद**

## जैन संगीतमय हाऊजी के पोस्टर का विमोचन हुआ




**जयपुर।** शनिवार, 20 सितम्बर को रात्रि 7:15 बजे से भट्टारक जी नसियां में होने वाली राजस्थान की सबसे विशाल जैन संगीतमय हाऊजी के आयोजन के पोस्टर का विमोचन मानसरोवर के राधानिकुंज क्षेत्र में स्थित कृष्णा बाग के वातानुकूलित हॉल में महाश्रमण मुनिश्री 108 आदित्यसागर जी महाराज संसंघ के सानिध्य में किया गया। पोस्टर विमोचन में राकेश गोधा, धीरज पाटनी, दीक्षांत हाडा, सुरेंद्र पाटनी, विपिन बज, अनिल रांवका, नरेश जैन श्याम नगर, भरत जैन चित्रकूट, योगेश सुमन गोधा, इन्दिरा बड़जात्या, सतीश खंडाका, राजेंद्र सोनी आदि उपस्थित रहे।

# इनरव्हील क्लब कोटा नॉर्थ का स्वच्छता अभियान

## स्वच्छता एवं सफाई के लिये आमजन को किया प्रेरित




**आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया**

**कोटा।** इनरव्हील क्लब ऑफ कोटा नॉर्थ के सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस के अवसर पर अपने - अपने वार्ड में नियमित सफाई करवाने और सफाई अभियान का संकल्प लिया। इस अभियान का शुभारंभ करते हुए क्लब की अध्यक्ष प्रमिला पारीक ने नागरिकों को सफाई के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि स्वच्छता न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि यह हमारे शहर और देश की प्रगति में भी योगदान करती है। हम सभी सफाई के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं और स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज बनाने में सहयोग करें।

# INTERNATIONAL VAISH FEDERATION

## WOMEN WING, DISTRICT JAIPUR

# JAINAM EXHIBITION

## NAVRATRI, DIPAWALI EXHIBITION

सामुदायिक केन्द्र, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर ( राज. )

DATE 20,21 SEPTEMBER 2025

Time 10.00 AM to 10.00 PM

Lucky Draw Every 2 Hours

**मुख्य अतिथि**



श्रीमती मंजू शर्मा
सांसद, जयपुर लोकसभा

**दीप प्रज्ज्वलनकर्ता**



श्रीमती रितु कासलीवाल
श्रावक श्रेष्ठी

## सम्माननीय अतिथि

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| श्री ध्रुवदास अग्रवाल<br>प्रदेश प्रभारी | श्री एन.के. गुप्ता<br>प्रदेश अध्यक्ष | श्री गोपाल प्रसाद गुप्ता<br>प्रदेश महामंत्री | चारु गुप्ता<br>प्रदेश महिला अध्यक्ष | सीमा सेठी<br>प्रदेश महिला महामंत्री |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मनीष गुप्ता<br>प्रदेश अध्यक्ष, यूथ | केदार गुप्ता<br>प्रदेश महामंत्री, यूथ | सुधीर गोधा<br>अध्यक्ष, जयपुर जिला | सीए संजय पाबूवाल<br>महामंत्री, जयपुर जिला | तरुण जैन<br>अध्यक्ष, जिला यूथ | अंकुर अग्रवाल<br>सचिव, जिला यूथ |

## आयोजक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सारिका जैन<br>जिला अध्यक्ष | रितु कासलीवाल<br>वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष | रश्मि छाबड़ा<br>वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष | अनिता जैन<br>कार्यकारी अध्यक्ष | सुनिता जैन<br>कोषाध्यक्ष | सुषमा माहेश्वरी<br>जिला सचिव |

| | | |
|---|---|---|
| वरिष्ठ उपाध्यक्ष<br>मीनाक्षी पाटोदिया, सोनिया अग्रवाल | उपाध्यक्ष<br>मोनिका गुप्ता, पूनम माहेश्वरी, विनीता अजमेरा | संयुक्त सचिव<br>अंजु अग्रवाल, अंजलि गुप्ता, पूजा गुप्ता, शैला गुप्ता |

**कार्यकारिणी सदस्य :** डोली जैन, कविता जैन, मीनाक्षी सोगानी, मंजू खण्डेलवाल, नेहा जैन, निधि जैन, पूजा कानोडिया, रमिता जैन रूचि खण्डेलवाल, रेणु अग्रवाल, सरोज जैन, सारिका अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, सीमा गोधा, उर्वशी सिंघल, विनीता सोगानी

## मुख्य संयोजक : मीनाक्षी सोगानी, प्राची जैन

# श्री बाबूलाल जैन दिवाकीर्ति स्मृति,साहित्य भूषण सम्मान दो मनीषीयों को प्रदान किया गया






**ललितपुर. शाबाश इंडिया**

वृंदावन, ललितपुर नगर के प्रतिष्ठित समाज सेवी स्वर्गीय श्री बाबूलाल जैन साइकिल वालों की स्मृति में उनके परिवार द्वारा स्थापित, दिवाकीर्ति शिक्षा व कल्याण समिति द्वारा देश के दो मनीषियों को साहित्य भूषण सम्मान से अलंकृत किया गया। 14 सितंबर को गीता शोध संस्थान वृंदावन में आयोजित एक गरिमामय सम्मान समारोह में यह अलंकरण श्रीमती शशि पाठक दिनेश मथुरा व सुक्रमपाल सिंह श्रीनगर को प्रदान किए गए। इस सम्मान में स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र अंग वस्त्र व पुस्तकों के साथ-साथ 2500 रुपए की नगद राशि भी प्रतिवर्ष साहित्यकारों को प्रदान की जाती है। शिक्षा, पर्यावरण, समाज उत्थान व नैतिक मूल्यों की साहित्यिक कृति पर यह सम्मान प्रदान किए जाते हैं। संस्था के अध्यक्ष अनिल जैन विद्यासागर रोडवेज नागपुर ने बताया कि पंडित हर प्रसाद पाठक साहित्य समिति मथुरा के साहित्यिक सम्मान समारोह में यह सम्मान विगत 4 वर्षों से निरंतर प्रदान किया जा रहे हैं।

श्री बाबूलाल जैन साइकिल वाले जो अपने जीवन काल में समाज सेवा, प्रभु सेवा के श्रेष्ठ कार्यों में समर्पित रहे व शून्य से शिखर तक की अपनी यात्रा पूर्ण की, नगर में साइकिल व्यवसाय के पित्र पुरुष के रूप में प्रतिष्ठित है। श्री जैन सदैव जन सेवा के कार्य हेतु समर्पित रहते थे उनके निधन के पश्चात उनके परिवार द्वारा स्थापित श्री दिवाकीर्ति शिक्षा व कल्याण समिति 30 से अधिक वर्षों से अपने पैतृक गांव देलवारा में एक विद्यालय चला रही है। जिसमें 300 से अधिक विद्यार्थियों द्वारा शिक्षा पाकर सुखद भविष्य का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ-साथ संस्था के द्वारा वस्त्रदान अन्न दान व चिकित्सा शिविर के आयोजन किये जाते हैं। श्रीमती शशि पाठक दिनेश, देश की स्थापित साहित्यकार हैं व विगत 35 वर्षों से उन्होंने श्रेष्ठ साहित्य की रचना की है। देश के प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ दिनेश पाठक शशि की धर्मपत्नी सरल स्वभावी साहित्यकार हैं। श्री सुक्रम पाल सिंह देश के श्रेष्ठ कृषि वैज्ञानिक हैं व कृषि अनुसंधान कार्य हेतु लिखी उनकी कृतियां राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान पा चुकी हैं। यह सम्मान वरिष्ठ साहित्यकार इंजी. अरुण कुमार जैन फरीदाबाद, देश की साहित्यिक विभूति श्रीमती सुधा गोयल बुलंदशहर, श्रीमती अनुपमा पाठक व श्रीमती सानिका द्वारा प्रदान किये गये। कार्यक्रम में देश भर के शतधिक साहित्यकार व राष्ट्रीय विभूतियाँ उपस्थित रहीं।

# प्रथमाचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज 70वां समाधि वर्ष भक्ति भाव से पूजन कर आचार्य सानिध्य में मनाया गया




वात्सल्य वारिधि पंचम पट्टाधीश आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज 34 साधुओं सहित अतिशय क्षेत्र टोंक में 34 साधुओं सहित विराजित है।वषायोग समिति एवं जैन समाज द्वारा आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज का 70 वा समाधि वर्ष, आचार्य श्री वर्धमान सागर जी का 76 वा वर्ष वर्धन अवतरण दिवस पर, समाधिस्थ मुनि श्री चिन्मय सागर जी की भावांजलि सभा आयोजित हुई। आचार्य श्री शांतिसागर जी के अंतर विलय समाधि वर्ष एवं आचार्य श्री वर्धमान सागर जी के जन्म दिवस पर विभिन्न द्रव्यों से भक्ति सहितपूजन की गई इस अवसर पर आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने प्रथमाचार्य श्री शांति सागर जी के गुणानुवाद भावांजलि में बताया कि 18 सितंबर 1955 को 36 दिन की सल्लेखना के बाद आपकी समाधि हुई। आचार्य श्री ने 9 के अखंड अक्षय अंक का आचार्य श्री शांति सागर जी से संयोग बताया कि दिनांक 18 का योग 9, सितम्बर माह का क्रमांक 9, जन्म दिनांक 27 का योग 9, आपने 36 दिन की संलेखना ली 36 का योग 9 यह अंक अध्यात्म का प्रतीक हैं राजेश पंचोलिया के अनुसार आचार्य श्री ने आगे मुनि श्री चिन्मय सागर जी के बारे में बताया कि दीक्षा गुरु ने नाम सोच कर चिन्मय रखा जो चेतना , चिंतन का प्रतीक हैं।क्षपक साधु की उत्कृष्ट समाधि मरण होने कमसे कम दो भव ओर अधिकतम 8 भव जन्म में मोक्ष जाते है। आप लोग बच्चो के नाम ऊटपटांग रखने के बजाय नन्हें बालक बालिकाओं के नाम तीर्थंकर आचार्य मुनियों महापुरुषों के नाम पर रखना चाहिए। नाम का जीवन पर गहरा प्रभाव होता हैं वर्ष 1989 में दीक्षा के बाद गुरु से वियोग वर्ष 1990 में होने पर भी दीक्षा गुरु के आदेश , संकेत का पालन कर हमारे संघ में पूर्ण समर्पण और गुरु भक्ति से 35 वर्ष साथ रहे। आचार्य श्री की भावांजलि के पूर्व राजेश पंचोलिया इंदौर, विनोद, विपुल पारसोला , प्रतिष्ठाचार्य पंडित हंसमुख, ओमप्रकाश भौरावत, आर्यिका श्री पद्मयश मति श्री महायशमति, श्री देशनामति, श्री निर्मुक्तमति, श्री विलोक मति, श्री वत्सलमति श्री श्री चैत्यमति श्री शुभमति मुनि प्रणीतसागरजी, मुमुक्षुसागर जी, प्रबुद्ध सागरजी, चिंतन सागर जी , ने आचार्य श्री शांति सागर जी आचार्य श्री वर्धमान सागर जी एवं मुनि श्री चिन्मय सागर जी का गुणानुवाद कर उनकी गुरुभक्ति समयबद्धता, अनुशासन, समर्पण के बारे में बताया ।सभी साधुओं ने दीक्षागुरु आचार्य श्रीवर्धमान सागर जी द्वारा विगत वर्षों में कराई उत्कृष्ट समाधि मरण को स्मरण किया। मुनि श्री हितेंद्र सागरजी ने समाज के युवाओ द्वारा प्रतिदिन मुनि श्री चिन्मय सागर जी को अभिषेक ओर विधान की प्रशंसा की ।समाज प्रवक्ता पवन कंटान विकास जागीरदार ने बताया की आचार्य वर्तमान सागर जी महाराज का 76अवतरण दिवस श्रद्धालुओं ने बड़े भक्ति भाव से मनाया। आचार्य श्री शांति सागर जी एवं पूर्व आचार्यो के चित्र का अनावरण एवं आचार्य श्री के चरण प्रक्षालन कर जिनवाणी भेंट करने का सौभाग्य शिखरचंद घाटलिया उदयपुर, ब्रह्मचारी गज्जू भैया ,ब्रह्मचारिणी वीणा दीदी राजेश पंचोलिया इंदौर सोनू जैन भिंडर, आदि को प्राप्त हुआ। मंच का संचालन कमल सर्राफ ने किया।

# लायंस क्लब अजमेर आस्था ने कराया नेत्रदान



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

**अजमेर।** लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा क्लब अध्यक्ष लायन मुकेश कर्णावट के प्रयास से दिनांक 17/09/2025 को आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान अजमेर चैप्टर को 1 जोड़ी कॉर्निया दान में प्राप्त हुई। मृतक कुलदीप जैन गोधा / प्रकाश चंद जैन अजमेर निवासी की मृत्यु की सूचना मिलते ही आई बैंक टीम ने जेएलएन अस्पताल के मोर्चरी पहुंचकर परिवार वालों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। आई बैंक सोसायटी के भरत शर्मा एवं कुलदीप ने बताया कि परिवार वालो को नेत्रदान के लिए प्रेरित करने में लायंस क्लब अजमेर आस्था के अध्यक्ष मुकेश करनावट का विशेष योगदान रहा तत्पश्चात परिवार वालों से सहमति लेकर दोनों कॉर्निया सुरक्षित प्राप्त की गई।

# ''आओ खुशियां बांटें'' प्रांतीय स्लोगन को चरितार्थ करते हुए 422 विद्यार्थियों को किया लाभान्वित



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

**अजमेर।** लायंस क्लब अंतराष्ट्रीय 3233 ई 2 के प्रांतीय स्लोगन ''आओ खुशियां बांटें'' को चरितार्थ करते हुए लायन अतुल पाटनी की अगुआई में लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा ग्राम बलवंता की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के चार सो बाईस छात्र छात्राओं को नए वस्त्र की सेवा समाजसेवी लायन राकेश पालीवाल,लायन अतुल पाटनी,पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन मधु पाटनी, भामाशाह राजेश जय हिंद होजरी,विजय वाधवानी उदयपुर एवं राजेश जैन दिल्ली निवासी के सहयोग से भेंट की गई क्लब अध्यक्ष लायन मुकेश कर्णावट ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक लायन अतुल पाटनी के संयोजन में एवं पूर्व प्रधानाचार्य सुरेश चन्द सोनी के मार्ग दर्शन में ग्राम बलवंता की राजकीय विद्यालय में क्लब की सेवा लेकर पहुंचे जहां विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार चौहान,एस एम सी अध्यक्ष शिवराज गुर्जर,सदस्य सूरजकरण मेघवंशी,उगमाराम मेघवंशी, देवकरण गुर्जर,भंवर लाल बावला,देवा गुर्जर एवं शिक्षकगणों की मौजूदगी में क्रमबद्ध तरीके से छात्रों को पेंट शर्ट टी शर्ट एवं छात्राओं को सलवार सूट आदि का वितरण किया।

# अनुशासन से शासन पति अर्थात भगवान बन सकते हैं: आचार्य सुंदर सागर जी महाराज




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

भगवान महावीर जिनके शासनकाल में हर संसारी प्राणी के पास आठ कर्म है, आठ कर्म को बांधने वाले बहुत से लोग हैं, पूरा विश्व इन आठ कर्मों को बांधता है लेकिन इन आठ कर्मों को तोड़ने का मार्ग केवल एक जिन शासन है।ये उदगार आचार्य सुन्दर सागर महाराज ने गुरुवार को सांगानेर थाना क्षेत्र के चित्रकूट कालोनी स्थित श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित धर्म सभा में प्रवचन के दौरान व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि श्रावक के आठ मूलगुण होते हैं सिद्धों के भी आठ मुलगुण होते हैं।संसार से लेकर मोक्ष के बीच भी आठ कर्म ही है जो इस संसार सागर में भटकते हैं।इन अनंत कर्मों में एक कर्म ही ऐसा है जो तीन लोको में हमें पूज्य बना सकती है।वह तीर्थंकर नामकर्म है 3 खंड का अधिपति भी जिनके चरणों में नतमस्तक होता है नारायण बलभद्र आदि से भी जो पूजनीय है जो करोड़ों सूर्य से भी अधिक महिमा वन्त है स्वर्गी का कल तो समाप्त हो जाएगा लेकिन यह जो तीर्थंकर का काल है वह कभी समाप्त नहीं होगा जो चक्रवर्ती 14 रत्न के स्वामी है 6 खंड के अधिपति है वह भी जिनके सामने झुकता है वह ऐसी है तीर्थंकर प्रकृति महावीर के जीव ने जब तीर्थंकर प्रकृति का बंध किया आज भगवान महावीर बन गए धन्य है वे माता-पिता जो पाषाण रूपी भगवान के माता-पिता बनते हैं धन्य है वह जो चलते-फिरते साधु के माता-पिता बनते हैं।इससे पूर्व समाज श्रेष्ठीजनो ने मंगलाचरण के बाद चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्जवलन किया।सायंकाल 6.15 बजे आगम युक्त शंका समाधान का भव्य कार्यक्रम हुआ। अध्यक्ष अनिल जैन काशीपुरा एवं महामंत्री मूल चन्द पाटनी के मुताबिक शुक्रवार को प्रातः 8.30 बजे धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर आचार्य सुन्दर सागर महाराज के मंगल प्रवचन होंगे। प्रशासनिक समन्वयक एडवोकेट महावीर सुरेन्द्र जैन ने बताया कि सायंकाल श्रुत शंका समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**-विनोद जैन कोटखावदा**

# बी. व. कारन्त जी की जयंती पर नाटकवाला कला मंच का विशेष आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भारतीय रंगमंच के महान रंगपुरुष, संगीत और नाट्य कला के प्रणेता बी. व. कारन्त जी की जयंती के अवसर पर नाटकवाला कला मंच द्वारा विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 19 सितम्बर को आमेर में आयोजित होगा।इस अवसर पर नाटकवाला कला मंच के कलाकार बी. व. कारन्त जी के बहु-प्रतिष्ठित नाटकों में से बाल नाटक एवं गिलहरी रामायण का पाठ वाचन करेंगे।इस प्रस्तुति के माध्यम से कारन्त जी के रंग-नवाचार और लोकधारा को रंगमंच से जोड़ने की उनकी परंपरा को स्मरण किया जाएगा। नाटकवाला कला मंच की नींव भी बी. व. कारन्त जी के जीवन वृंत अध्ययन और उनसे मिली प्रेरणा के बाद ही रखी गई। संस्था के निदेशक ओम प्रकाश सैनी का कहना है कि जैसे बाबा कारन्त जी ने आजीवन अपना सबकुछ रंगमंच को समर्पित किया, वैसा ही मेरा प्रयास भी है।उनकी दो पंक्तियाँ आज भी मेरे जहन में गूंजती हैं-मैं जब तक जीवित हूँ रंगमंच करता रहूँगा, और जब तक रंगमंच करता रहूँगा तब तक मैं जीवित हूँ। यही पंक्तियाँ मेरे जीवन और मेरे रंगकर्म की प्रेरणा हैं। नाटकवाला कला मंच पिछले एक दशक से अधिक समय से ग्रामीण क्षेत्रों में रंगमंच को जीवंत करने की अपनी खुला रंगमंच, घर-घर रंगमंच एवं हर दर रंगमंच जैसी अभियानों के माध्यम से निरंतर प्रयासरत है।संस्था का उद्देश्य लोक एवं शास्त्रीय कला को मिलाकर गांव-गांव तक रंगमंच की पहुंच सुनिश्चित करना है।



# ग्राम सोडा में औषधीय वृक्षों का किया पौधारोपण

## ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन की अनूठी पहल

**ग्राम सोडा (जिला टोंक). शाबाश इंडिया**

पर्यावरण संरक्षण और हरित राजस्थान की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन के तत्वावधान में ग्राम सोडा स्थित रामद्वारा प्रांगण में विशाल पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मीठा नीम, शहतूत, जामुन, हरसिंगार सहित अनेक औषधीय महत्व के पौधे लगाए गए। ग्रामवासियों ने इन्हें जीवनदायी बताते हुए यह संकल्प लिया कि इन पौधों की नियमित देखभाल कर इन्हें हरा-भरा बनाया जाएगा। कार्यक्रम में ग्राम के गणमान्य व्यक्तियों में ताराचंद सोनी, राधेश्याम सोनी, बिरधी चंद, नंदकिशोर, सतनारायण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद जैन भँवर ने कहा कि ''पेड़ ही हमारे जीवन के सच्चे रक्षक हैं। इनसे ही स्वच्छ व शुद्ध वायु, औषधियाँ तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य संभव है।'' वहीं, समाजसेविका व कोषाध्यक्ष श्रीमती मनीषा जैन ने ग्रामवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि 'हर व्यक्ति यदि एक पौधे को अपने बच्चे की तरह सींचे और संरक्षित करे, तो गाँव-गाँव हरियाली और स्वास्थ्य की नई क्रांति आ सकती है।' ग्राम सोडा में आयोजित यह कार्यक्रम केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह ग्रामीण स्तर पर पर्यावरण जनजागरण का सशक्त उदाहरण बन गया, जिसकी सर्वत्र सराहना हो रही है।




## शांति भवन में श्रद्धा-भक्ति और गुणगान के बीच मनाया गया आचार्य शिवमुनिजी महाराज का 84वां जन्मोत्सव



**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

श्रमण संघीय चतुर्थ पट्टधर आचार्य सम्राट डॉ. शिवमुनिजी महाराज का 84वां जन्मोत्सव गुरुवार को शांति भवन में उपप्रवर्तिनी विजयप्रभा आदि ठाणा के सानिध्य में एकासन व्रत और श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव समारोह में महासती विजयप्रभा ने आचार्यश्री को मंगलकामनाएं अर्पित करते हुए उनके जीवन के अद्वितीय गुणों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आचार्यश्री का जीवन संयम, साधना और करुणा का आदर्श है। उनकी जीवनशैली में आत्मसंयम, परोपकार, निष्काम सेवा और सभी प्राणियों के प्रति समान दृष्टि स्पष्ट दिखाई देती है। उन्होंने यह सिद्ध किया है कि सच्चा धर्म केवल शब्दों से नहीं, बल्कि आचरण, व्यवहार और चरित्र से प्रकट होता है। साध्वी हर्षश्री और साध्वी जयश्री ने कहा कि शिवाचार्य का जीवन करुणा, दया, ज्ञान, विनम्रता और धैर्य का अनुपम उदाहरण है। उनका सतत साधना और दूसरों के कल्याण में लगनशील योगदान उन्हें जन-जन के हृदय में अमर बनाता है। उनके अनुशासन, निष्ठा और उच्च नैतिक मूल्यों ने उन्हें धर्म-सेवा का श्रेष्ठ प्रतिनिधि बनाया है। इस अवसर शांति भवन के संरक्षक नवरतनमल बम्ब, अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद चीपड़, सहमंत्री महावीर आंचलिया, जयसिंह नाहर, मनीष बम्ब, मुकेश भलावत, नवीन नाहर ने श्रमण संघ के नायक आचार्यश्री के दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य और सतत प्रेरक मार्गदर्शन की हार्दिक शुभकामनाएं अर्पित की निलिष्का जैन बताया शिवाचार्य के जन्मोत्सव पर सैकड़ों श्रावक श्राविकाओं ने साध्वीवृन्द से एकासन व्रत का प्रत्याख्यान लिया।

-प्रवक्ता निलिष्का जैन

# श्रद्धा एवं भक्ति के साथ भगवान शांतिनाथ की आराधना

### सबका जीवन साताकारी बने यहीं मंगलकामना, महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा. के सानिध्य में अनुष्ठान आराधना में उमड़े श्रावक-श्राविकाएं



## जन्म जयंति पर आचार्य शिवमुनिजी म.सा. एवं आचार्य विजयराजजी म.सा. का गुणानुवाद

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** अनुष्ठान आराधिका ज्योतिष चन्द्रिका महासाध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. आदि ठाणा के सानिध्य में गुरूवार को श्राद्ध पक्ष में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ भगवान शांतिनाथ की आराधना का रंग जमा तो पूरा वातावरण आध्यात्मिक उर्जा से परिपूर्ण हो गया। आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति द्वारा सुभाषनगर श्रीसंघ के तत्वावधान में आयोजित साप्ताहिक अनुष्ठान आराधना में महासाध्वी मण्डल ने शांतिनाथ भगवान की स्तुति में ऋषि रघुनाथ महाराज द्वारा रचित शांतिनाथजी को कीजो जाप, करोड़ भवा रा काटे पाप छंद का जाप का जाप कराया। सैकड़ो श्रावक-श्राविकाओं ने शुद्ध भावों के साथ इस श्लोक का जाप किया तो पूरा वातावरण पवित्र एवं पावन हो गया ओर असीम पॉजिटिव एनर्जी का संचार हुआ। श्राद्ध पक्ष के दौरान श्रद्धा की अनुभूति हुई। इस छंद का जाप कर प्रार्थना की गई कि पितरों की कृपा हम पर बनी रहे ओर सबके जीवन में साता रहे। ये स्तुति जीवन में सुख, शांति व आनंद प्रदान करने वाली होती है। जीवन में शांति ओर साताकारी वातावरण चाहिए तो भगवान शांतिनाथ की स्तुति करते रहे। अनुष्ठान के शुरू में महासाध्वी मण्डल के सानिध्य में श्री व्रज पंज्जर स्तोत्र की आराधना की गई। जैन दिवाकर चौथमलजी म.सा. द्वारा भगवान शांतिनाथ की स्तुति में रचित साता किजो श्री शांतिनाथ प्रभु शिव सुख दीजो जी प्रार्थना भी हुई। श्रमण संघीय चतुर्थ पट्टधर आचार्य शिवमुनिजी म.सा. के 84वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन अनुष्ठान आराधना के साथ गुणानुवाद भी किया गया। हुक्मगच्छाधिपति शांत क्रांति संघ के आचार्य श्री विजयराजजी म.सा. की जयंति भी मनाते हुए गुणानुवाद किया गया। महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा. ने कहा कि ऐसे महान संत जिनशासन का गौरव बढ़ाते है ओर उनका जितना गुणगान करे कम होगा। उन्होंने कहा कि आचार्य शिवमुनिजी ज्योतिपूंज ओर संघनायक होकर हम सभी के प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने दोनों आचार्यश्री के प्रति मंगलभावनाएं व्यक्त की। समारोह में स्वर साम्राज्ञी महासाध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा. ने गुरू भक्ति की भावना से ओतप्रोत भजन की प्रस्तुति दी। वास्तुशिल्पी साध्वी पद्मकीर्तिजी म.सा.,विद्याभिलाषी साध्वी राजकीर्तिजी म.सा. का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। सुभाषनगर महिला


EnactraX MASTER YOUR SKILLS
A Venture of Yagya
SPECTA QUARTZ SURFACES
A unit of ARL Infratech Ltd.
PRESENTS & POWERED BY
WONDER CEMENT FARQ NAZAR AAYEGA
SHRAMAN SHRUT SEVA SANSTHAN
Co-Powered By
JEPEE
ROTARY CLUB JAIPUR CITIZEN
Co-Powered By
MARUTI CASTINGS
30 HOURS NON-STOP SPEECH
THE BIGGEST OPPORTUNITY OF YOUR LIFE • LISTEN FOR 9 HOURS •
9H
MAKE WORLD RECORD
SAURABH JAIN
MOTIVATIONAL SPEAKER
Sunday, 9th Nov. 2025
TIME: 8:00 AM (9th Nov) 2:00 PM (10th Nov)
VENUE: BIRLA AUDITORIUM STATUE CIRCLE, JAIPUR.
: 9376-115577, 70731- 88666
Missed Call For Registration +91 9588838868
: https://l1nq.com/saurabh
In Association With
ETHNIC COTLER
Readiprint
NAV
Vandanam Group
cityvibes
Vivek Asha Kala
Jyoti Kumar-Indu Maheshwari
Kogta FOUNDATION
ANANTARA
JEEVAN REKHA
K M Trans Logistics Pvt Ltd
The Fine Gallery
USHA TEXTILE
Supported By
Shree Jain Roadways
Thaper DENTAL CLINIC
ocean home
GLORY
SAFARI GROUP
For More Info.

श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ जयपुर

# जयपुर से रवाना हुई श्री महावीरजी की 39 वीं पदयात्रा शुक्रवार को पहुंचेगी दौसा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**


श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ जयपुर के तत्वावधान में बुधवार, 17 सितम्बर को संघ के संरक्षक सुभाष चन्द जैन एवं संयोजक सोभाग मल जैन के नेतृत्व में जयपुर खानिया स्थित संघीजी की नसिया से रवाना हुई जयपुर से श्री महावीर जी की 39 वीं पदयात्रा के गुरुवार दोपहर बासखों फाटक पहुचने पर बासखों जैन समाज एवं विमला देवी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से भावभीना स्वागत-सत्कार किया गया। बासखों के प्रकाश चन्द बाकलीवाल, कमलेश जैन एवं दिनेश जैन एवं परिवार जनों ने पदयात्रियों की गर्मजोशी से आवभगत की तथा कुशलक्षेम पूछी। पदयात्रा के संयोजक सोभाग मल जैन ने बताया कि इस मौके पर पदयात्रा संघ की ओर से दिगम्बर जैन मंदिर बासखों में जीर्णोद्धार के लिए सहयोग राशि प्रदान की गई। सह संयोजक भाग चन्द गोधा एवं प्रचार संयोजक विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया कि पदयात्रा शुक्रवार, 19 सितम्बर को प्रातः दौसा बस स्टैंड के सामने स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुचेगी जहा पर दौसा जैन समाज द्वारा



पदयात्रियों का भावभीना स्वागत-सत्कार किया जाएगा। मंदिर में सामूहिक अभिषेक, पूजन की जाएगी। तत्पश्चात जैन धार्मिक हाऊजी का आयोजन किया जाएगा। मोहनपुरा में पूजा अर्चना एवं धार्मिक ज्ञान प्रकाश प्रतियोगिता प्रश्न पत्र का विमोचन श्री जैन ने बताया कि इससे पूर्व पदयात्रा गुरुवार को मोहनपुरा के दिगम्बर जैन मंदिर पहुची जहा पदयात्रा के पूर्व संयोजकों सुरेश ठोलिया, सलिल जैन, मैना बाकलीवाल , राजेन्द्र जैन मोजमाबाद,राज कुमार बडजात्या, देवेन्द्र गिरधरवाल , जिनेन्द्र जैन, पवन जैन, सुशील जैन के निर्देशन में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किये गये। मोहनपुरा जैन मन्दिर में श्री जी की मॉल शिखर चंद - सीमा जैन, आशीष जैन, निक्की जैन मोहनपुरा ने सौभाग्य प्राप्त किया। धार्मिक प्रश्न मंच में सही उत्तर देने वाले पदयात्रियों को पुरस्कृत किया गया। संचालन सलिल जैन ने किया। इस मौके पर धार्मिक ज्ञान प्रकाश प्रतियोगिता के प्रश्न पत्र का विमोचन एक सादा समारोह में समाजश्रेष्ठी ज्ञान चंद जैन, सुमित जैन, बस्सी जैन समाज के नरेन्द्र पाटनी, पवन जैन और सभी पूर्व संयोजकों ने किया। इस मौके पर संरक्षक सुभाष चन्द जैन, संयोजक सोभाग मल जैन, सह संयोजक भाग चन्द गोधा, महेश जैन,दिनेश पाटनी,राजेश शाह, ज्ञान चन्द जैन, सुकुमार जैन, राजीव जैन, अरुणा दीवान, क्षेत्रीय सह संयोजकों सहित पदयात्रा के पूर्व संयोजक मौजूद थे। रात्रि विश्राम भण्डाना में पदयात्रियों का रात्रि विश्राम भण्डाना के अरिहंत व्हीकल फिटनेस सेन्टर पर हुआ। इससे पूर्व हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर कवियों ने हास्य व्यंग्य की कविता पाठ कर श्रोताओं को हंसा हंसा कर झूमने को मजबूर कर दिया। इस मौके पर अतिथि के रूप में राजेन्द्र जैन मोजमाबाद, सुशील कुमार जैन, नवल किशोर गुप्ता, सोनी जी नंदिनी बिल्डर्स, अजय जैन अजमेर ने दीप प्रज्जवलन कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। -विनोद जैन 'कोटखावदा'

# जो जो तुम जानते हो तुम अपने को वह मानते हैं वो आप प्राप्त नही कर पाओगे : मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज

## व्यक्तित्व विकास पर चल रहे हैं मंगल प्रवचन, अखिल भारतीय पाठशाला सम्मेलन की तैयारियों को दिया जा रहा है अंतिम रूप



**अशोकनगर. शाबाश इंडिया।** इस संसार में व्यक्ति जिंदगी नहीं गुजर सकता इसके लिए संसार को समझना पड़ेगा यहां तक की विना अनुमति के दूसरे के स्थान पर अपन को बैठना ही नहीं और कभी बैठना पड़े तो अनुमति लेकर बैठें सबसे पहले ये बताओ कि संसारी हो या मोक्षमार्गी हो संसार के संबंध में आप क्या जानते हो मोक्ष के संदर्भ में संतों से दो शब्द सुन लिए और अपने आप को मोक्षमार्गी वन गये जो मोक्ष को जानता है वह कभी मोक्ष नहीं जा सकता जो धर्म को जानता है धर्म की विशेषताओ को जानते हैं वह कभी धर्म को प्राप्त नहीं कर सकता जैसे जो राजा अपनी शक्ति को जानता है राज्य व्यवस्था संचालन सेना की कमान सब कुछ जानकारी के बाद भी आप राजा नहीं रह सकते सबसे पहले जिसको पाना चाहते हैं उसके संबंध में ज्ञान करो जो उस पर काबिज होना चाहता है उसके साथ ही जो समाने वाले की शक्ति का ज्ञान करो तव कहीं तुम सिंहासन पर रह पाओगे उक्त आश्य केउद्गार सुभाषगंज मैदान में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए ।



**संस्कृति संस्कारों की जननी पाठशाला सम्मेलन की तैयारियों दिया अंतिम रूप**

इसके पहले जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव राष्ट्रसंत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज का संस्कृति और संस्कारों पर बहुत जोर है इसलिए यहां परम पूज्य के सान्निध्य में २०-२१ सित को अखिल भारतीय पाठशाला सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें देशभर की पाठशालाओ के उत्कृष्ट छात्रो के साथ ही शिक्षिकाए पाठशाला प्रवंधन समितियों के साथ समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे इस हेतु पुणर्जक परिवार पवन जैन पतकार के साथ ही जयपुर से पधारे सम्मेलन प्रभारीयो के साथ जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई ने एक आवश्यक बैठक कर सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया इस दौरान उपाध्यक्ष अजित बरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारल्लिय मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडिटर सजंय के टी थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री मनोज भैसरवास जैन जागृति मंडल भक्तावर मंडल जैन युवा वर्ग जैन शोसल गुप विद्यासुधा मय संगठन सहित अन्य प्रमुख जन उपस्थित थे

**सब कुछ स्पष्टता से करने पर सफलता मिलेगी**

उन्होंने कहा कि आज नशा करने हैं इसको छोड़ना चाहते हैं तो इससे हो रही हानियों का ज्ञान करो गुटका तंबाकू छोड़ना चाहते उसके संबंध में क्या बुराइयां हैं उन बुराई के संबंध में ज्ञान करना पड़ेगा गुटका तंबाकू खाने वाले को कैंसर जैसी महा बीमारी हो जाती है भारी पीड़ा होती है कष्टों का सामना करना पड़ता है इन चीजों का ज्ञान करोगे तो आप अपने आप इनको छोड़ देंगे यहां मैं तुम्हारे लिए धंधा व्यापार करने का मोटीवेशन दे रहा हूं पाटनर्शिप किसी भी चीज की करो सब कुछ स्पष्टता से करो जो जो तुम जानते हो तुम अपने को वह मानते हैं वो आप प्राप्त नही कर पाओगे,हम भगवान को जानते है। समर्पण है, लेकिन हम भगवान को नहीं पा पाओगे हर चीज स्पष्ट होगी तो समझने में सरलता रहेंगी और आप जो भी लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं उसे एक दिन प्राप्त कर सकते हैं।